卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केंद्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 357 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर( ऊधमसिंहनगर ) ♦शुक्रवार ♦3 अक्टूबर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## गिरफ्तारी के खिलाफ सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि पहुंची सुप्रीम कोर्ट

### गीतांजलि ने पति की रिहाई के लिए लगाई गुहार



नई दिल्ली। जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि आंगमो ने लद्दाख प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत की गई उनके पति की गिरफ्तारी को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। 24 सितंबर को लद्दाख में हुई हिंसक झड़पों के बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया था। जिसके बाद से वह राजस्थान की जोधपुर जेल में बंद हैं। वांगचुक को लद्दाख में प्रदर्शनों के दो दिन बाद 26 सितंबर को कड़े राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत हिरासत में लिया गया था। लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर उस केंद्र शासित प्रदेश में हुए विरोध प्रदर्शनों में चार लोगों की मौत हो गई थी और 90 लोग घायल हो गए थे। गीतांजलि आंगमो ने शीर्ष अदालत में संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत अपनी याचिका दायर की है। आंगमो ने सोनम वांगचुक के खिलाफ एनएसए कानून के तहत कार्रवाई पर भी सवाल उठाए हैं। लद्दाख को राज्य का दर्जा देने की मांग कर रहे प्रदर्शनकारियों और पुलिस के (शेष पृष्ठ सात पर)


## कार खाई में गिरने से पांच लोग गंभीर

मसूरी(उद संवाददाता)। पहाड़ों में लगातार हो रहे सड़क हादसों की कड़ी में एक और दर्दनाक घटना जुड़ गई। देर रात मसूरी-देहरादून मार्ग पर 'पानी वाला बैंड' के पास एक कार अनियंत्रित होकर करीब 50 मीटर गहरी खाई में जा गिरी। हादसे में कार सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को उपचार के लिए तत्काल दून अस्पताल, देहरादून भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही मसूरी पुलिस और 108 एंबुलेंस सेवा मौके पर पहुंच गई। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने खाई में उतरकर सभी घायलों को बाहर निकाला। अंधेरा होने के बावजूद राहत कार्य में तत्परता (शेष पृष्ठ सात पर)



## साइकिल दुकान में आग से लाखों की क्षति

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बीती रात्रि कालाढूंगी रोड पर स्थित एक साइकिल स्टोर में अचानक आग लग जाने से दुकान में रखा लाखों रुपए कीमत का सामान जलकर नष्ट हो गया। घटना की सूचना मिलने पर दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जानकारी के अनुसार बीती रात्रि लगभग डेढ़ बजे कालाढूंगी रोड स्थित गुलाटी साइकिल स्टोर में आग लग गई। दुकान से धुंआ निकलते देख वहां से गुजरते एक टेंपो चालक ने दुकान के बोर्ड पर लिखे मोबाइल नंबर पर घटना की सूचना दी। जिस पर दुकान स्वामी विष्णुपुरी रामपुर रोड़ निवासी भूषण गुलाटी तत्काल परिजनों के साथ दुकान पर पहुंचे तब तक आग काफी भड़क चुकी थी। घटना की सूचना मिलने पर दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। टाइम पर फायर ब्रिगेड के पहुंच जाने से ज्यादा क्षति नहीं हुई। वही गुलाटी साइकिल स्टोर के मालिक भूषण गुलाटी ने बताया किसी टेंपो चालक द्वारा उनको सूचना दी गई कि आपकी दुकान में आग लग गई है। उन्होंने बताया कि संभवत: शॉर्ट सर्किट से आग लगी है जिसमें उन्हें लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। फायर ब्रिगेड की टीम के अनुज शर्मा,श्याम सिंह, जगदीश,अवनीश,राजेश सहित स्थानीय लोगों ने आग बुझाने में सहयोग किया।



## सड़क हादसे में युवक की मौत,साथी गंभीर

रुद्रपुर। बरा क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। दोनों दशहरा मेला देखकर वापस लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, किच्छा बरी निवासी 40 वर्षीय सतविंदर सिंह पुत्र मंजीत सिंह अपने साथी हरपाल सिंह के साथ गुरुवार की रात बरा में दशहरा मेला देखने गए थे। मेला समाप्त होने के बाद दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को तुरंत सितारगंज के उप जिला अस्पताल ले जाया गया। सूचना मिलते ही सतविंदर सिंह का भाई जितेंद्र सिंह समेत परिजन अस्पताल पहुंच गए। चिकित्सकों ने सतविंदर की गंभीर हालत को देखते हुए उसे उच्च चिकित्सा केंद्र के लिए रेफर कर दिया। इसके (शेष पृष्ठ सात पर)

## पिता पुत्र को कार ने मारी टक्कर

रुद्रपुर। जिला चिकित्सालय के समक्ष छोटे बच्चे को गोद में लेकर सड़क पार कर रहे व्यक्ति को तेज गति से जाती कार के चालक ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया और वाहन सहित फरार हो गया। जानकारी के अनुसार यहां जिला चिकित्सालय में एक व्यक्ति अपनी पत्नी का अल्ट्रासाउंड कराने के लिए आया था। इसी दौरान वह अपने करीब 4 चार साल के पुत्र को गोद में लेकर किसी काम के लिए मुख्य मार्ग में आया। बताया जाता है कि जब वह व्यक्ति सड़क पार कर रहा था इसी दौरान हल्द्वानी की ओर से तेज गति से आती कार के चालक ने उन्हें जोर से टक्कर मार दी जिससे वह गोद में बैठे अपने पुत्र को बचाते हुए सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी बीच कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

## सर्पदंश से वन कर्मी गंभीर

रामनगर(उद संवाददाता)। तराई पश्चिमी वन प्रभाग कार्यालय में शुक्रवार की सुबह एक कर्मचारी पर अचानक सांप ने हमला कर दिया। सांप के डसने से कर्मचारी गंभीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में उसे सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। घटना से कार्यालय में हड़कंप मच गया। मिली जानकारी के अनुसार, बैलपड़ाव रेंज में कार्यरत कर्मचारी सुखदेव शुक्रवार सुबह डीएफओ कार्यालय, रामनगर में मौजूद था। इसी दौरान कार्यालय परिसर में झाड़ियों के बीच अचानक सांप दिखाई दिया। मौके पर मौजूद कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत कर सांप को पकड़ तो लिया, लेकिन यह किसी तरह उनके हाथ से छूट गया और सीधा सुखदेव पर टूट पड़ा। सांप ने उसके हाथ (शेष पृष्ठ सात पर)



## संदिग्ध हालातों में श्रमिक ने फांसी लगाकर दी जान

रामनगर(उद संवाददाता)। ग्राम छोई क्षेत्र से गुरुवार देर रात एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां मजदूरी कर जीवनयापन करने वाले एक युवक ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। अचानक हुई इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पहचान किशन (30 वर्ष) पुत्र रूपराम, निवासी बदायूं (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। किशन पिछले कई वर्षों से अपनी पत्नी और बच्चों के साथ रामनगर के ग्राम छोई इलाके में रहकर मजदूरी करता था। परिजनों के अनुसार, गुरुवार शाम को रूपराम की बेटे से फोन पर बातचीत भी हुई थी। सब कुछ सामान्य लग रहा था। लेकिन देर रात अचानक किशन की पत्नी ने मायके वालों को सूचना दी कि उसके पति ने फांसी लगाकर जान दे दी है। घटना की खबर सुनते ही शुक्रवार (शेष पृष्ठ सात पर)

## वृद्ध ने गटका जहर,मौत

रुद्रपुर। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में एक वृद्ध ने अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। परिवार के लोग वृद्ध को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए भेजा है। पुलिस के मुताबिक ट्रांजिट कैंप क्षेत्र फुलसुंगा की चंद्रवती इंकलेव निवासी 60 वर्षीय मूलचंद पुत्र हीरा लाल ने गुरुवार देर शाम को अज्ञात कारणों के चलते जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। बताया जा रहा है कि परिजनों को जानकारी होने पर उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने परिजनों से जानकारी ली। बाद में शव पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए भेजा गया।

## दुर्गा पूजा से लौट रही महिला से छीना मंगल सूत्र

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र के अंतर्गत दुर्गा पूजा मेले से लौट रहे एक परिवार के साथ झपटमारी की घटना सामने आई है। वारदात में अज्ञात युवक ने महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र छीनकर भीड़ का फायदा उठाते हुए फरार हो गया। मामले में थाना ट्रांजिट कैंप में दी गयी लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार मूल रूप से थाना चम्पावत अंतर्गत बिरगुल निवासी कमल किशोर, वर्तमान में अपने (शेष पृष्ठ सात पर)

## अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरोह के सदस्य दबोचे

काशीपुर(उद संवाददाता)। कोतवाली थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से चुराई गई चोरी की तीन मोटरसाइकिलें व एक स्कूटी के साथ पुलिस टीम ने अंतराज्यीय वाहन चोर गिरोह के दो शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक गिरफ्तार चोरों के खिलाफ यूपी उत्तराखंड के विभिन्न स्थानों में दर्जनों गंभीर मामले पंजीकृत है। जानकारी के मुताबिक पिछले कुछ दिनों से कोतवाली थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से अज्ञात चोरों द्वारा बेहद शातिराना अंदाज में दो पहिया वाहन चोरी किए जाने का मामला प्रकाश में आया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्र ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाल हरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में टीम गठित कर चोरों के पीछे लगा दिया। पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालते हुए संदिग्ध चेहरों के पीछे मुखबिर लगा दिए गए। बीते दिवस मुखबिर द्वारा पुलिस टीम को सूचना मिली कि नौगजा कब्रिस्तान में कुछ लोग चोरी की गाड़ियों को ठिकाने लगाने की फिराक में है। इसी सूचना पर पुलिस टीम तत्काल हरकत में आ गई। (शेष पृष्ठ सात पर)



## गोलीकांड का एक और आरोपी गिरफ्तार

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। गोलीकांड का एक और आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से तमंचा भी बरामद किया है। बता दें कि 24 सितंबर को छात्र संघ चुनाव के नामांकन के दौरान दो प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच विवाद हो गया था और मारपीट के बाद फायरिंग भी की गई थी। इस मामले में एसएसआई नवीन बुधानी की ओर से 15 नामजद समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। विवेचना चौकी प्रभारी आदर्श कालोनी होशियार सिंह कर रहे है। पुलिस गोलीकांड में 6 आरोपियों को जेल भेज चुकी है और अन्य की गिरफ्तारी के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक पुलिस ने नामजद आरोपियों में एक और आरोपी सतपाल लाहौरिया को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से तमंचा भी बरामद किया है। एसएसआई नवीन बुधानी ने सतपाल लाहौरिया की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि उससे पूछताछ कर रही है। तमंचा भी बरामद किया। उन्होंने बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कार्रवाई जारी है। कई आरोपी भूमिगत हो गए हैं। पुलिस से एक भी आरोपी बच नहीं पाएगा।



# रुद्रपुर के वरिष्ठ नागरिकों को 'सीएम धामी की बड़ी सौगात'

## औद्योगिक नगरी रुद्रपुर में किया जाएगा मॉडल वृद्ध आश्रम का निर्माण, वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल के लिए तैयार किए जाएंगे 150 मास्टर ट्रेनर एवं केयर गिवर

-अर्श-

देहरादून। अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध जन दिवस के अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रुद्रपुर के वरिष्ठ नागरिकों को एक बड़ी सौगात



दी है।अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर राजधानी में बीते रोज आयोजित एक राज्यस्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तराखंड सरकार केंद्र सरकार के सहयोग से उधम सिंह नगर के जिले के रुद्रपुर में एक मॉडल वृद्ध आश्रम का निर्माण करने जा रही है । इस क्रम में वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल के लिए 150 मास्टर ट्रेनर व केयर गिवर तैयार करने का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है। बताना होगा कि मुख्यमंत्री पुष्कर धामी बुधवार को हिमालयन सांस्कृतिक केंद्र, नींबूवाला में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रतिभाग करने पहुंचे थे। इस मौके पर उन्होंने प्रदेशवासियों को वृद्धजन दिवस की शुभकामनाएं दीं और वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित कर वरिष्ठ



नागरिक सम्मान संकल्पष भी दिलाया इस दौरान मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम स्थल पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया।इसके अलावा उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों की सेवा के लिए समर्पित निशुल्क एंबुलेंस वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के साथ ही वाकथन रैली का शुभारंभ भी किया। इस अवसर पर सीएम ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज के स्तंभ हैं तथा इनका आशीर्वाद व अनुभव समाज के लिए एक मार्गदर्शन की तरह होता है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि राज्य के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा देश, प्रदेश एवं समाज निर्माण में दिए गए योगदान के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए राज्य में वृद्धाश्रम की व्यवस्था को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि बागेश्वर, चमोली व उत्तरकाशी जनपदों में पहले से ही राजकीय वृद्धाश्रम संचालित हैं जबकि देहरादून, अल्मोड़ा व चंपावत में नए भवन का निर्माण किया जा रहा है, इसके अतिरिक्त रुद्रप्रयाग, टिहरी, पौड़ी व पिथौरागढ़ में भी वृद्धाश्रम बनाए जाने की योजना है । उन्होंने आगे बताया कि जेरियाट्रिक केयर गिवर प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत वरिष्ठ नागरिकों की देखभाल के लिए इस इस वर्ष 150 मास्टर ट्रेनर और केयर गिवर तैयार करने का लक्ष्य है। अपने संबोधन के दौरान सीएम ने अटल वयो अभ्युदय योजना, प्रधानमंत्री वय वंदना योजना, राष्ट्रीय वयोश्री योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना समेत तमाम कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश में छह लाख बुजुर्गों को पेंशन की राशि सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी के जरिए उपलब्ध कराई जा रही है तथा इस साल 1300 वरिष्ठ नागरिकों की मोतियाबिंद की निशुल्क सर्जरी करने का लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है।

# रावण वध होते ही जनसमूह खुशी से झूम उठा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। प्राचीन श्री रामलीला मंचन में व्यास गोपाल दत्त जी ने बताया की दशमी वाले दिन भगवान श्री राम और रावण के बीच घोर युद्ध हुआ और श्रीराम जी रावण का वध करने का कोई उपाय नहीं मिल रहा था। बार बार दसों सिर कटने के बाद भी वह जीवित हो जाता था तब रावण के छोटे भाई, विभीषण, जो श्रीराम जी की शरण में थे, उन्होंने श्रीराम को बताया कि रावण की नाभि में अमृत है और उसे नष्ट करके ही रावण को मारा जा सकता है। इस प्रकार भगवान श्री राम ने दिव्य वाण चलाया और युद्ध में रावण का वध हुआ। रामलीला मैदान में अपार जनसमूह खुशी से झूम उठा और जय श्री राम के उद्घोष से माहौल भक्तिमय हो गया। 65 फिट ऊंचे पुतले का दहन भगवान श्री राम और लक्ष्मण जी ने किया।इस मौके पर आतिशबाजी का भी भव्य प्रदर्शन किया गया। व्यास पूजन रामलीला समिति सदस्य रिसीवर



गोपाल चौहान, बंशीधर भगत, भवानी शंकर नीरज, मीना गुप्ता, विवेक कश्यप , विजय अग्रवाल, तनुज गुप्ता, योगेश शर्मा, बसंत अग्रवाल, प्रदीप जनोंटी, दिनेश गुप्ता ने किया। मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट, विधायक कालाढूंगी बंशीधर भगत, महापौर गजराज बिष्ट, विधायक लालकुआं मोहन बिष्ट, भाजपा प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल, उप जिलाधिकारी राहुल साह ,प्रदेश सह कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, प्रदीप बिष्ट,जिला महामंत्री विनीत अग्रवाल तथा ललित जोशी, गोविंद बगड़बाल आदि रहे। समिति के रिसीवर तथा सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, वेद प्रकाश अग्रवाल, एनबी गुणबंत, विजय भट्ट, भोलानाथ केसरवानी तथा अन्य सदस्यों ने सभी अतिथियों का अंग वस्त्र पहना कर स्वागत किया। महापौर गजराज बिष्ट ने कहा उत्तराखंड की परम्परा है अतिथि देवो भव, पर अब इसका स्वरूप भी बदल गया है। अब अतिथि के रूप में आने वाले दुष्टों को पहचानने की आवश्यकता है, हमें जागरुक होने की आवश्यकता है। रामलीला में वैश्य महिला समिति तथा युवा वैश्य सभा के साथ कई संस्थाओं के कार्यकर्ताओं ने व्यवस्था संभाली।

# आयुक्त दीपक रावत ने परिवार संग की रामलीला में सहभागिता

नैनीताल( उद संवाददाता) ।सरोवर नगरी नैनीताल विजयादशमी के पावन अवसर पर भक्ति, उल्लास और परंपरा के रंगों में सराबोर नजर आई। नगर के विभिन्न हिस्सों में रामलीला मंचन, शोभायात्रा और रावण दहन कार्यक्रमों का भव्य आयोजन हुआ। हर ओर धर्म की विजय, मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जयकारे और दीपों की आभा से वातावरण रोशन हो उठा। विजयादशमी के अवसर पर कुमाऊं



आयुक्त दीपक रावत अपने परिवार सहित डीएसए मैदान पहुंचे। उन्होंने सभी को पर्व की शुभकामनाएं दीं और कहा कि ष्हमें श्रीराम के जीवन से सीख लेते हुए सत्य, धर्म और कर्तव्य के मार्ग पर चलना चाहिए। श्रीराम सेवक सभा द्वारा आयोजित रामलीला मंचन की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी राम-रावण संवाद से शुरू हुई। इसके बाद जैसे ही युद्ध का दृश्य मंच पर आया, दर्शक पूरी तरह भावविभोर हो उठे। मंचन के दौरान श्रीराम और रावण के बीच संवाद और रणनीतियों का प्रभावशाली चित्रण किया गया। रामलीला मंचन के उपरांत रावण, मेघनाद और कुंभकरण के विशाल पुतलों का विधिवत दहन किया गया। जैसे ही अग्नि की लपटों में पुतले धधकने लगे, मैदान में मौजूद हजारों लोगों ने ष्जय श्रीरामष के नारों से आसमान गुंजा दिया। यह दृश्य बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक बन गया।

# श्री दुर्गा पूजा उत्सव में चुघ को किया सम्मानित

रुद्रपुर। श्री श्री दुर्गा मंदिर ट्रांजिट कैंप में श्री दुर्गा उत्सव कमेटी द्वारा श्री दुर्गा पूजा का आयोजन किया जा रहा है। जहां विभिन्न प्रकार के धार्मिक





कार्यक्रम प्रस्तुत किए जा रहे हैं। जिसमें स्थानीय और बाहरी कलाकार अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं। बीती रात श्री दुर्गा पूजा महोत्सव का शुभारंभ भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक और समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने किया। सर्वप्रथम उन्होंने मां दुर्गा की आरती की और उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान श्री दुर्गा उत्सव कमेटी द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा की मां दुर्गा की आराधना से शक्ति और भक्ति का समावेश होता है श्री चुघ ने कहा कि माता-पिता की सच्ची सेवा ही प्रभु की आराधना है और सदैव बेटियों का सम्मान करना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा है कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ तभी यह देश सशक्त हो पाएगा। उन्होंने कहा की जगह-जगह धार्मिक आयोजन हो रहे हैं और प्रभु की आराधना की जा रही है। उन्होंने श्री दुर्गा पूजा कमेटी रविंद्र नगर और श्री दुर्गा पूजा कमेटी काली मंदिर रमपुरा में भी श्री दुर्गा पूजा का शुभारंभ किया और सभी क्षेत्रवासियों को श्री दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दी। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष कार्तिक चक्रवर्ती, दिलीप अधिकारी, तरुण दत्ता, प्रभात स्वर्णकार, जीवन राय, जगदीश कर्मकार, मोहन उपाध्याय, सुमित दास, शंकर विश्वास ,अंकुर वर्मा ,मोनू ठाकुर ,नीरज कुमार ,शिवकुमार शिबू, रोहित कोली, नंद गोपाल कोली, अंतर्राष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी मनोज सरकार ,तारक अधिकारी, शिवपाल सरकार, जीतू बर्मन, नंदू बर्मन, कार्तिक मंडल, मोहन राठौर ,नंदलाल शर्मा ,शाहिद, समेत तमाम लोग मौजूद थे। संचालन मानस बैरागी ने किया।




# रावण का पुतला दहन कर मनाया दशहरा का पर्व

रुद्रपुर( उद संवाददाता)। विजय दशमी के पवन अवसर पर विधायक शिव अरोरा रुद्रपुर विधानसभा के अनेको स्थानों पर आयोजित हुऐ रावण दहन कार्यक्रम मे शामिल हुए। उन्होंने खेड़ा स्थित संतोषी माता मंदिर व एलायंस कॉलोनी मे विजय दशमी के अवसर पर रावण दहन कार्यक्रम मे शामिल होकर, बुराई रूपी रावण दहन कार्यक्रम मे शामिल होकर रावण के पुतले को अग्नि को समर्पित कर दशहरे पर्व को मनाया। विधायक शिव अरोड़ा ने कहा दशहरे का यह पर्व जब श्री राम के लंका पर विजय हासिल कर अपने घर अयोध्या वापस आगमन हुआ था, रावण पर विजय के रूप में दशहरा का पर्व हर वर्ष की भांति हम मानते हैं, मगर हमें समाज में छपी रावण रूपी बुराइयों को भी खत्म करने व उनसे सचेत रहने की आवश्यकता है। विधायक ने कहा प्रभु श्रीराम की यह अद्धभुत लीला को हमको अपने जीवन मे आत्मसार करने की आवश्यकता है जो बताती है हमको अपने



आस पास की बुराइयों से किस प्रकार लड़ना है, राम के बताये सत्य के मार्ग पर चलना है। विधायक शिव अरोरा ने विजय दशमी पर्व की सभी क्षेत्रवासियो को शुभकामनायें दी ओर प्रभु श्री राम की कृपा यू ही क्षेत्रवासियो पर बनी रहे रुद्रपुर विकास के पथ पर आगे बढ़े ऐसी कामना की।इस दौरान मुकेश पाल, संतोष पाल, तरुण दत्ता, सुरेश कोली, पिंटू पाल, राजेश डाबर, राजकुमार चौधरी, मनोज मदान, हरनाम चौधरी, राजकुमार मुंजाल, मयंक कक्कड़ आदि लोग मौजूद रहे।

# महात्मा गांधी और शास्त्री जी को किया नमन

दिनेशपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री पंडित लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। विधायक अरविंद पांडे और भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ ने समाजसेवी विजय मंडल के निवास पर उनके चित्र पर माल्यार्पण किया और गांधी जी और शास्त्री जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने अंग्रेजों भारत छोड़ो आन्दोलन में अहम भूमिका निभाई।आज पूरा देश उन्हें नमन कर रहा है। वहीं पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री जी ने जय जवान जय किसान का नारा दिया था और वह किसानों के मसीहा थे। उन्होंने कहा कि ऐसे महापुरुषो की बदौलत ही देश आजादी की हवा में सांस ले रहा है। विधायक पांडे और चुघ ने कहा कि आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का शताब्दी दिवस है । सन् 1925 में आज ही के दिन डॉक्टर केशव राव बलिराम हेडगेवार जी ने आरएसएस की स्थापना की



थी ।उस समय मात्र 5 स्वयंसेवक थे जिनकी आज संख्या करोड़ों में है। आरएसएस का मात्र एक ही उद्देश्य है की राष्ट्र सेवा प्रथम । उन्होंने कहा कि स्वयंसेवक राष्ट्रभक्ति और देशभक्ति को सर्वोपरि रख समाज की सेवा में लगे रहते हैं। देश में जब भी विपत्तियां आई तो स्वयंसेवक सदैव आगे खड़े रहकर समाज हित में कार्य करते रहे हैं। इस दौरान विश्वजीत मंडल, प्रकाश सिंह कोश्यारी, सुंदर राणा, नरेंद्र कोरंगा ,हिमांशु सरकार ,योगेश पानू, राकेश सिंह, सुंदर राणा ,सरिता गोस्वामी ,सूरज मेहता, विकास राय ,भावेश चटर्जी, गिरधर काकी आदिलोग मौजूद थे।

# गांधी जयंती पर लिटिल किंगडम स्कूल में स्वछता रैली का आयोजन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।लिटिल किंगडम स्कूल में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा एक विशाल रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रांगण में हुई, जहाँ सबसे पहले गांधीजी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात विद्यालय प्रशासिका श्रीमती परविंदर पूरी ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया।रैली विद्यालय से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों, कॉलोनियों तथा मुख्य बाजार से होती हुई पुनः विद्यालय प्रांगण में पहुंची। इस दौरान छात्र-छात्राएँ हाथों में आकर्षक तख्तियां एवं बैनर लिए हुए थे, जिन पर गांधीजी के संदेश ख्र सत्य ही ईश्वर है, अहिंसा परम धर्म है और स्वच्छ रहो, स्वस्थ रहो अंकित थे। बच्चे पूरे उत्साह से बापू अमर रहें, ष्सत्य और अहिंसा हमारा मार्ग है, स्वच्छ भारत ख्र सुंदर भारतष जैसे नारे लगाते हुए लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे थे।रैली का विशेष आकर्षण था ख्र विद्यार्थियों द्वारा दुकानदारों एवं राहगीरों को पेपर बैग का वितरण तथा प्लास्टिक मुक्त भारत का संदेश देना। बच्चों ने जगह-जगह रुककर राहगीरों को गांधीजी के आदर्शों को अपनाने की प्रेरणा भी दी। कई




विद्यार्थियों ने गांधीजी की वेशभूषा में आकर लोगों का ध्यान खींचा और महात्मा गांधी के प्रसिद्ध विचारों का पाठ किया विद्यालय की वरिष्ठ प्रशिक्षिका परिविंदर पूरी जी ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा गांधीजी का जीवन हम सभी के लिए अनुकरणीय है। उनके द्वारा दिखाए गए आदर्शों ख्र सत्य, अहिंसा, स्वावलंबन और स्वच्छता ख्र को अपनाकर ही हम समाज में सच्चा परिवर्तन ला सकते हैं।विद्यालय प्रधानाचार्या गायत्री खन्ना जी ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा गांधीजी ने हमें सत्य और अहिंसा का जो मार्ग दिखाया, वही भारत की असली पहचान है। हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारकर एक सच्चा भारतीय बनने का संकल्प लेना चाहिए।रैली के बाद विद्यालय प्रांगण में निबंध लेखन, कविता पाठ एवं गीत प्रस्तुति का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने गांधी जयंती और शास्त्री जयंती पर सुंदर प्रस्तुतियाँ दीं। पूरे कार्यक्रम में अध्यापकगण भी विद्यार्थियों के साथ कदम से कदम मिलाकर चले और उनका उत्साह बढ़ाया।अंत में कार्यक्रम का समापन सामूहिक राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस प्रकार गांधी जयंती का यह आयोजन सभी के लिए अविस्मरणीय बन गया और बच्चों ने संकल्प लिया कि वे सदैव गांधीजी के बताए मार्ग पर चलेंगे। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या सिमरन पूरी , संचालक लक्ष्य शर्मा , विकास शर्मा , राखी राजपूत ,मानसी , पूजा , भूमिका श्रीवास्तव, सुरभि श्रीवास्तव , पूनम सहानी आदि लोग मौजूद थे।

## जिला सहकारी बैंक में महात्मा गांधी व शास्त्री जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। ऊधम सिंह नगर डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव बैंक परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बैंक सचिव व महाप्रबंधक श्री संदीप कुमार ने बैंक प्रांगण में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित



बैंक कर्मचारियों ने महात्मा गांधी की प्रिय रामधुन का सामूहिक रूप से गायन कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। वरिष्ठ प्रबंधक श्री हरि सिंह यादव ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जीवन वृत्त पर प्रकाश डालते हुए स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी भूमिका तथा आदर्शों की प्रेरणास्पद व्याख्या की। उन्होंने कहा कि इन महापुरुषों के सिद्धांत आज भी देश को मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में बैंक के समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे और राष्ट्रनिर्माण में महापुरुषों के योगदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।

## भाकियू की बैठक में धान क्रय केंद्र खोले जाने सहित विभिन्न प्रस्ताव पारित

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय किसान यूनियन की मासिक बैठक नवीन मंडी समिति सभागार में वरिष्ठ किसान कलनैल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह मक्कड़ द्वारा कई प्रस्ताव पारित किए गए, जिसमें इसी माह में धान की फसल की आवक शुरू हो रही है,लेकिन अभी तक सरकारी क्रय केंद्र स्थापित नहीं किए गए हैं। किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए धान क्रय केंद्रों में तौल मशीनें लगाए जाने,काशीपुर



की तरह खुले धान पर एक किलोग्राम प्रति क्विंटल की कटौती किए जाने,मंडी में धान की खरीद बोली के माध्यम से किए जाने और बोली का प्रातः 8 बजे रखे जाने,जिला मजिस्ट्रेट को माउजर समझौते के लिए दिए गए आवेदन में किसान और मिल मालिकं के बीच हुए समझौते के आधार पर धान की खरीद किए जाने,धान खरीद के लिए एक पोर्टल खोले जाने ताकि कच्चे आढ़तियों द्वारा धान की खरीद एक साथ हो सके आदि प्रस्ताव पारित किए गए। इस मौके पर हरभजन सिंह, अशोक सेठी, वीरेंद्र सिंह, इशाक अली,बलबीर सिंह, सेवक सिंह ,बंटी मैंनी,गुरुणवीर सिंह, हरवपिंदर सिंह ,मुख्तियार सिंह आदि किसान मौजूद रहे ।

## गांधी एवं शास्त्री जी को याद किया

पंतनगर(उद संवाददाता)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 156वीं एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री की 121वीं जयंती विश्वविद्यालय में धूमधाम से मनायी गयी। पंतनगर विश्वविद्यालय ने आज भारत की दो महान विभूतियों, राष्ट्रपिता मोहनदास करमचन्द गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनको याद किया। गांधी पार्क में कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान तथा सभी अधिष्ठाता, निदेशक, शिक्षकगण, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों ने गांधी जी एवं शास्त्री जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस



अवसर पर डा. मनमोहन सिंह चौहान ने गांधी जी एवं शास्त्री जी की कही हुई बातों एवं उनके आदर्शों को विश्वविद्यालय एवं शिक्षण के साथ-साथ व्यक्ति, समाज व राष्ट्र के संदर्भ में आज भी प्रासंगिक बताया तथा सभी से उनके आदर्शों को अपनाने के लिए आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए.एस. जीना एवं उनकी टीम ने किया। इसके उपरांत कुलपति द्वारा गांधी भवन छात्रावास में भी माल्यार्पण कर विद्यार्थियों को गांधी जी एवं शास्त्री जी के आदर्शों को अपनाकर एक सम्मानित नागरिक बनने की प्रेरणा दी।

## जयंती पर गांधी और शास्त्री जी को दी श्रद्धांजलि

किच्छा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी किच्छा नगर मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने मंडल अध्यक्ष गोल्डी गोराया, ब्लॉक प्रमुख रीना गौतम एवं कार्यकर्ताओं के साथ गांधी पार्क स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत गांधी पार्क में स्वच्छता अभियान भी चलाया। कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने सफाई कर समाज को स्वच्छता और सेवा का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि महात्मा गांधी जी और लाल बहादुर शास्त्री जी दोनों ही देश के महानायक थे, जिनका जीवन सादगी, सेवा, ईमानदारी और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। गांधी जी ने सत्य और अहिंसा के माध्यम से पूरी दुनिया को दिशा दी, वहीं शास्त्री जी ने 'जय जवान जय किसान' का नारा देकर देश को नई ऊर्जा और प्रेरणा दी। हम सभी का कर्तव्य है कि उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारकर समाज और राष्ट्र के



विकास में योगदान दें। कहा कि सेवा पखवाड़ा केवल एक अभियान नहीं, बल्कि यह समाज सेवा की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास है। स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जरूरतमंदों की सेवा ही सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री मुकेश कोली, शरण संधू, ओम तनेजा, धर्मराज जायसवाल, जितेंद्र गौतम, धनीराम, श्याम सुंदर बिष्ट, सुरेंद्र चौधरी, मनमोहन सक्सेना, संदीप अरोड़ा, संजीव खन्ना, नितिन वाल्मीकि, सचिन वाल्मीकि, चंदन जायसवाल, प्रकाश पंत, देवेंद्र शर्मा, कविता मान, संगीता शर्मा, दया डशीला, सुनीता गंगवार, सरोजनी सिंह, विवेक कुमार, हीरा सरकार समेत समस्त मंडल पदाधिकारि एवं भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जयंती पर महात्मा गांधी और शास्त्री जी का भावपूर्ण स्मरण

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, और देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्म दिन यहां कांग्रेस कार्यकर्ता द्वारा गांधी पार्क में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इससे पूर्व उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा के नेतृत्व में दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति के सम्मुख एकत्रित हुए,जहां उन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए। यहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रिय रामधुन, रघुपति राघव राजा राम, पतित पावन सीताराम, ईश्वर अल्लाह तेरो नाम, सबको सम्मति दे भगवान, का भी उच्चारण किया। बाद में सभी कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महामंत्री योगेश ,वजीर अहमद,संजीव राठौड़,इरफान खान आजम खान, सुदर्शन शर्मा,कलीम अहमद, दिनेश मौर्य, फैजराज, रामपाल,



चौहान,कांग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष संजीव रस्तोगी, निगम पार्षद चिराग कालड़ा,सतीश कुमार, बाबू विश्वकर्मा, उमा सरकार, बेबी सिकदर, सरोज रानी, चंद्रकली कोली, जमुना प्रसाद कोली, छत्रपाल, सुभाष दिवाकर,सुधीर शर्मा मोह्मद इकरम,राधे श्याम बंसल, भगवान दास,सत्य नारायण, बबीता मौर्य, भूपेंद्र सिंह, शंभू मौर्य, रिकी सैनी, डॉक्टर शाहिद खान, इकरार अहमद,अनिल शर्मा, सहित बड़ी संख्या में अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे

## युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ते हैं धार्मिक आयोजन: ठुकराल

रूद्रपुर। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने वार्ड नं35 आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी, एवं खानपुर नंबर एक में आयोजित श्री श्री शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव में पहुंचकर पूजा अर्चना की और सभी के लिए सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर आयोजकों ने ठुकराल को मंच पर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ठुकराल ने कहा कि शक्ति की उपासना का यह पर्व हम सभी के जीवन में आस्था, आत्मबल और एकता का संदेश लेकर आता है। दुर्गा पूजा केवल धार्मिक आस्था का ही प्रतीक नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक समरसता का उत्सव भी है। उन्होंने आयोजन समिति के सदस्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि दुर्गा पूजा के माध्यम से जिस भव्यता और श्रद्धा का वातावरण यहां निर्मित हुआ है, वह प्रशंसनीय है। ऐसे आयोजन युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों और संस्कृति से जोड़ने



का कार्य करते हैं। इंदिरा बंगाली कालोनी में आयोजित कार्यक्रम में समाजसेवी संजय ठुकराल, आनंद शर्मा, ललित सिंह बिष्ट, गगन ग्रोवर, आकाश बाटला, केरू मंडल, अमरकोली, रुद्रा कोली, राजेश ग्रोवर, वार्ड के पार्षद गोविंद राय, दुर्गा मंदिर निर्माण कमेटी के अध्यक्ष गणेश दास, सचिव गोविंद सरकार, कोषाध्यक्ष राकेश दास, पीयूष हीरा, अजय राय, असीमानंद गुहा, संजू मिस्त्री, कृष्णा सरकार, पवित्र राय, सचिन पांडे, संजीव पाल, प्रसनजीत भक्त, तापस मजूमदार, राहुल मदक, सुजीत मित्रा, अंकित मजूमदार, बंटी दास, आदि मौजूद रहै। जबकि खानपुर नंबर 1 में आयोजित महोत्सव में समाजसेवी संजय ठुकराल, आकाश बाटला, आनंद शर्मा, ललित सिंह बिष्ट, गगन ग्रोवर, केरू मंडल, अमरकोली, रुद्रा कोली, कमेटी के अध्यक्ष समीर सिकदर, मिहिर विश्वास, कृष्णा राय, तारक पात्र, किशोर मुनि, देवदास मंडल, अभिषेक राय, कौशल विश्वास, गौतम मुनि, राहुल विश्वास, अमूल्य दास, जयदेव मंडल, निर्मल विश्वास, संदीप विश्वास, राजू विश्वास, रतन राय, तरुण बाला, सुरेश राय, प्रकाश सरकार, देवन विश्वास, सपन विश्वास, करण राय, मिथुन मलिक, विशाल माझी, मुकुंद सरकार, गंगा सरकार, सन्नो राय, शांति राय, अंजना मुनि आदि मौजूद रहे।

## दुर्गा पूजा में मीना को किया सम्मानित

रुद्रपुर।पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा मुख्यअतिथि के रूप में ग्राम दानपुर में नवरात्रि के अवसर पर आयोजित श्री दुर्गा पूजा महोत्सव कार्यक्रम में पहुंची। इस अवसर पर मीना ने आयोजकों को दुर्गा पूजा महोत्सव की शुभकामनायें दी। आयोजकों द्वारा मुख्यअतिथि श्रीमती शर्मा, सहित कांग्रेस नेता अनिल शर्मा, रमपुरा के निगम पार्षद अंजलि राजू कोली, युवा कांग्रेस महासचिव तरुण नेगी, का पीत वस्त्र डालकर और स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व ग्राम प्रधान पूजा वर्मा, नवनिर्वाचित प्रधान मंदीप वर्मा आदि उपस्थित थे।



# धूमधाम से मना विजया दशमी का पर्व

## भव्य आतिशबाजी के साथ रावण, मेघनाथ व कुम्भकरण के पुतलों का दहन किया गया






रूद्रपुर( उद संवाददाता)। सत्य पर असत्य की जीत का प्रतीक विजया दशमी पर्व गत सायं नगर के गांधी पार्क मैदान में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर भव्य आतिशबाजी के साथ प्रभु राम व रावण के युद्ध के बाद रावण, मेघनाथ व कुम्भकरण के पुतलों का दहन किया गया। सारा वातावरण जय श्री राम के जयघोषों से गुंजायमान होता रहा। इसके अतिरिक्त नगर की इन्द्रा कालोनी, रम्पुरा, भूरारानी, मैट्रोपोलिस सिटी सहित निकटवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों में भी विजयादशमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। दशहरा का मुख्य आयोजन गांधी पार्क में आयोजित हुआ। मेले के आयोजन के लिए पिछले कुछ दिनों से जोर शोर से तैयारियां की गयी थी। हालाकि दोपहर को बारिश के कारण तैयारियों में खलल भी पड़ा। तेज हवाओं और बारिश के कारण रावण कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले धराशायी हो गये थे, जिन्हें कड़ी मशक्कत के बाद पुन: खड़ा किया गया। देर शाम श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से श्री राम व रावण के बीच युद्ध की लीला का शुभारम्भ किया गया। दोनों योद्धाओं की सेनायें युद्ध करते हुए मुख्य बाजार होते हुए गांधी पार्क पहुंची। जहां श्री राम ने रावण की नाभि पर तीर मारकर उसका अंत किया। जिसके बाद आतिशबाजी के बीच रावण, मेघनाथ व कुम्भकरण के पुतलों का दहन किया गया। इस मौके पर रामलीला कमेटी के संरक्षक किच्छा के विधायक तिलकराज बेहड़, अध्यक्ष पवन अग्रवाल, विजय अरोरा, अमित अरोरा, नरेश शर्मा, विजय विरमानी , संदीप धीर, विजय अग्रवाल, राजकुमार खनीजो, मोहन लाल भुड्डी, संजय जुनेजा, मनोज छावड़ा, संदीप राव, हरीश अरोरा, गुरशरण बब्बर, ओम प्रकाश अरोरा, महेश बब्बर, विजय जग्गा, जगदीश टंडन, मयंक कक्कड़ सहित हजारों की संख्या मे लोग मौजूद रहे। रामलीला कमेटी द्वारा गणमान्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। रावण के पुतले के दहन के बाद पुतले की अधजली लकड़ियां बीनने के लिए लोगों का हजूम बेरिकेटिंग के भीतर आ गया। हांलांकि वहां तैनात पुलिसकर्मियों ने कई लोगों को भीतर आने से रोक दिया। विजया दशमी पर्व शांति पूर्ण सम्पन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा पूरी व्यवस्थायें की गई थीं। लोगों की भारी भीड़ को देखतें हुए ड्रोन कैमरे से भी व्यवस्थाओं पर नजर रखी जा रही थी। इस अवसर पर गांधी पार्क में पहुंचे लोगों को दशहरा पर्व की शुभकमानायें देते हुए आयोजको ने पुलिस प्रशासन के साथ ही कलाकारों का आभार व्यक्त किया।







# राम जी के राज्याभिषेक, पुरुस्कार वितरण के साथ मुख्य रामलीला संपन्न





रूद्रपुर। मुख्य रामलीला में विगत रात्रि रामजी के आदेश पर लक्ष्मण द्वारा विभीषण को लंका राज्याभिषेक, हनुमान का अयोध्या पहुंचकर भरत को राम जी के आगमन की पूर्व सूचना देना, राम राज्याभिषेक तक की लीला का मंचन कर इस वर्ष की लीला को विराम दिया गया। इसके बाद श्रीराम लीला कमेटी नें रामलीला में सहयोग देनें वाले समस्त लोगो को पुरूस्कार वितरित कर आभार जताया। इससे पूर्व आज दीप प्रज्जवलन श्री राम लीला कमेटी के अध्यक्ष एवं प्रख्यात समाजसेवी पवन अग्रवाल नें किया। आज श्री गणेश वंदना, राम वंदना व हनुमान चालीसा के बाद लीला के प्रथम दृश्य में लक्ष्मण द्वारा विभीषण को लंका का राजा नियुक्त किया जाता है। इसके बाद हनुमान भरत को राम आगमन की सूचना देते हैं। भरत दौड़कर राम की आगवानी करते है और राम को उनका राजपाट सौंप देते है। प्रभु श्रीरामचन्द्र जी के राज्याभिषेक के बाद आरती व मिष्ठान वितरण कर इस वर्ष की लीला को विराम दे दिया जाता है।लीला को विराम देनें के बाद श्रीराम लीला कमेटी द्वारा श्रीरामनाटक क्लब, श्री सनातन धर्म युवा मंच, साजसज्जा, टैंट व्यवस्था, माईक व्यवस्था सहित इस व्यवस्था में सहयोग देनें वाले प्रत्येक जन का सम्मान करते हुये प्रमाण पत्र तथा पुरुस्कार दिया जाता है। कमेटी अध्यक्ष पवन अग्रवाल नें सभी सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया । आज रामजी की भूमिका में मनोज अरोरा, लक्ष्मण की भूमिका में गौरव राज बेहड़, सीताजी की भूमिका में गौरव जग्गा, हनुमान की भूमिका में सुशील गाबा, विभीषण की भूमिका में सचिन आनन्द, सुग्रीव की भूमिका में विशाल अनेजा, भरत जी पुलकित बांबा, शत्रुघन की भूमिका में सौरभ राज बेहड़, अंगद कनव गंभीर, नल आयुष्मान सुशील गाबा, नील की भूमिका में मनकरन रंधावा एवं गणेश भगवान की भूमिका में आशीष ग्रोवर आशू नें शानदार अभिनय कर उपस्थित जनता का मन मोह लिया। संचालन मंच सचिव विजय जग्गा एवं संदीप ध ीर नें किया।इस दौरान इस दौरान श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल, महामंत्री विजय अरोरा, कोषाध्यक्ष अमित गंभीर, समन्वयक नरेश शर्मा, महावीर आजाद, राकेश सुखीजा, हरीश अरोरा, अमित चावला आशीष मिड्ढा, मनोज गाबा, अमित अरोरा बोबी, राजेश छाबड़ा, कर्मचन्द राजदेव, सुभाष खंडेलवाल, मोहन लाल भुड्डी, प्रेम खुराना, संजीव आनन्द, गौरव तनेजा, आशीष ग्रोवर आशू, हरीश सुखीजा, मनोज मुंजाल, विशाल भुड्डी, राम कृष्ण कन्नौजिया, अनिल तनेजा, रमन अरोरा, कुक्कू शर्मा, गौरव राज बेहड़, सौरभ राज बेहड़, राजकुमार कक्कड़, सचिन मुंजाल, सुभाष तनेजा, मनोज अरोरा, गौरव जग्गा, गुरशरण बब्बर शरणी, पुलकित बांबा, सचिन आनन्द, सुमित आनन्द, वैभव भुड्डी, दीपक अग्रवाल, रोहित नागपाल, अमन गुम्बर, रोहित खुराना, गोगी, सन्नी आहूजा कपिश सुखीजा, शिवांश कोहली, शौर्य अरोरा, आयुष धमीजा, नीतिश धीर, मोहन अरोरा, हर्ष अरोरा, रोनिक मुंजाल, गर्वित मुंजाल, केतन बांगा, कुंदन, सिद्धान्त ग्रोवर, सन्नी सुखीजा, जतिन सुखीजा, चिराग तनेजा, अभय भुड्डी, पुरुराज बेहड़, आशमन अरोरा, अभि चुघ, तन्मय आनन्द, आयुष्मान सुशील गाबा, रवि अरोरा, चिराग कालड़ा, रोहित जग्गा, सचिन तनेजा सहित समस्त श्रीराम लीला कमेटी एवं श्री रामनाटक क्लब के सदस्य मौजूद थे।

# रावण ,कुंभकरण एवं मेघनाद के पुतलों का दहन के साथ मना विजय दशमी उत्सव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री शिव नाटक क्लब द्वारा आयोजित रामलीला मंचन के अंतिम दिन बुराई पर अच्छाई की एवं अधर्म पर धर्म की जीत का संदेश देती विजय दशमी का पावन पर्व बड़ी धूमध ाम के साथ इंद्रा कॉलोनी में मनाया गया,जिसमे मुख्य अतिथि श्री शिव नाटक क्लब के संरक्षक पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, विशिष्ट अतिथि सिडकुल डृग एसोशिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र तुलस्यान, समाजसेवी संजय ठुकराल द्वारा दीप प्रज्वल्लित कर विधि वत शुभारंभ किया गया ।श्री रामलीला मंचन में श्री राम एवं रावण का युद्ध हुआ,विभीषण द्वारा रावण की मृत्यु का राज बताने के उपरांत प्रभु श्री राम जी द्वारा रावण की नाभी में बाण मारकर उसका वध किया गया,अपने अंतिम समय में रावण द्वारा लक्ष्मण को शिक्षा दी गई उपरांत सभी मुख्य अतिथियों की उपस्थिती में विभीषण द्वारा रावण, मेघनाद एवं कुंभकरण के पुतलों का दहन किया गया, जिसमें राम की भूमिका गौरव भुसरी,लक्ष्मण रवि कक्कड़,रावण अतुल बांगा,विभीषण विशाल गुंबर, हनुमान सन्नी कक्कड़, सुग्रीव अभिनव अनेजा, अंगद आदित्य कुमार, सीता की भूमिका नैतिक तनेजा ने निभाई ।अयोध्या पहुँचने पर गुरु वशिष्ठ द्वारा प्रभु श्री राम जी का राजतिलक किया गया, उनको अयोध्या के तख्त सिंहासन पर बिठाया गया एवं सूर्यवंशी मुकुट उनको पहनाया गया , भक्त अशोक नारंग जी द्वारा प्रभु श्री राम जी की भव्य आरती की गई और सभी राम भक्तों को चने एवं हलवे का प्रसाद वितरित किया गया,महावीर सेवा दल के अध्यक्ष सुरेश राजदेव जी द्वारा मेवे मिश्री का प्रसाद वितरित किया गया, श्री शिव नाटक क्लब द्वारा सभी सरपरस्त महोदयों को स्मृति स्वरूप पुरुस्कार भेंट कर सम्मानित किया गया । श्री शिव नाटक क्लब के अध्यक्ष जगदीश सुखीजा द्वारा सभी राम भक्तों को इस भव्य उत्सव को सफल बनाने हेतु ध न्यवाद प्रेषित किया गया, इस अवसर पर श्री शिव नाटक क्लब के सरपरस्त हरबंस लाल ठुकराल, नरेश शर्मा, इंद्रजीत सिंह, राजकुमार परुथी, चिमन लाल ठुकराल, चंद्रपाल कक्कड़, सुरेश राजदेव, भोला सुखीजा, किशन लाल सुखीजा, महामंत्री राजकुमार भुसरी ,कोषाध्यक्ष बबलू घई,निर्देशक नरेश घई,जॉली कक्कड़,जीतू गुलाटी,सन्नी घई, उपाध्यक्ष अवतार सिंह खुराना,बिट्टू अरोरा,सचिव भारत हुडिया,विजय परुथी,प्रचार मंत्री जगमोहन अरोरा,प्रवीण बत्रा,राजीव झाम, राजीव भसीन,पुष्कर नागपाल, रेश तनेजा ,सुमित कुमार, तनिष्क सीकरी, मनन कक्कड़,अनिल अरोरा "टीटू", बंटी मुंजल, राजदीप बठला,विशु मुंजाल, गर्व गुलाटी, सुमित छाबड़ा आदि उपस्थित थे।











# बजाओ ढोल स्वागत में, मेरे घर राम आए हैं...

## उत्तरांचल दर्पण परिवार ने धूमधाम से किया श्री राम सेना का स्वागत,धार्मिक आस्था और परंपरा का दिखा संगम





रूद्रपुर(उद संवाददाता)। विजयदशमी का पर्व इस बार भी पूरे श्रद्धा, उल्लास और पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्तरांचल दर्पण कैंपस में प्रभु श्रीराम की सेना का पुष्पवर्षा और भजन–कीर्तन के साथ भव्य स्वागत किया गया। रावण दहन के उपरांत जब राम दल गांधी पार्क से श्याम टॉकीज रोड होते हुए उत्तरांचल दर्पण परिसर पहुँचा, तो पूरा वातावरण 'जय श्रीराम' के जयघोषों से गुंजायमान हो उठा। गौरतलब है कि रावण दहन के पश्चात श्रीराम दल का स्वागत उत्तरांचल दर्पण कार्यालय में एक परंपरा बन चुकी है, जिसकी नींव उत्तरांचल दर्पण के संस्थापक स्वर्गीय श्री हरनाम दास सुखीजा ने रखी थी। इस परंपरा को आज भी समाचार पत्र के संपादक परमपाल सुखीजा पूरे उत्साह और श्रद्धा से निभा रहे हैं। उत्तरांचल दर्पण कैंपस में श्रीराम, लक्ष्मण, माता सीता और वीर हनुमान समेत समस्त राम दल के स्वागत के लिए विशेष सजावट की गई थी। उनके आगमन पर फूलों की वर्षा की गई और भजनों की मधुर स्वर लहरियों ने समूचे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। भजन गायकों ने हारमोनियम और ढोलक पर भजनों की शानदार प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। मुझे दर्शन देकर मेरा बेड़ा पार किया, छम छम नाचे देखे वीर हनुमाना, आज अयोध्या में राम जश्न होता है, मैंने नचना श्याम दे नाल, राम जी की कृपा, मेरे घर राम आये हैं जैसे भजनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। आयोजन में शामिल लोगों ने भक्ति और उल्लास के इस संगम में बढ़–चढ़कर भागीदारी की। श्रीराम दल के स्वागत उपरांत प्रभु की आरती उतारी गई, उसके पश्चात भोग अर्पित कर प्रसाद वितरण किया गया। परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन भी हुआ, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। प्रभु श्रीराम ने अपने पूरे परिवार सहित उत्तरांचल दर्पण कैंपस का भ्रमण किया और सुखीजा परिवार को सुख–समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान किया। इस मौके पर कार्यक्रम में राम सेना के साथ पहुंचे श्री रामलीला कमेटी के पदाधिकारियो द्वारा सुखीजा परिवार के सदस्यों को अंग वस्त्र पहनाते हुए दशहरा पर्व की बधाई दी और उन्हें भी सम्मानित किया। मेयर विकास शर्मा ने भी उत्तरांचल दर्पण परिसर में पहुंचकर श्री राम परिवार का आशीर्वाद लिया। इस आयोजन में श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन अग्रवाल, महामंत्री विजय अरोरा, कोषाध्यक्ष अमित गंभीर, समन्वयक नरेश शर्मा, सुभाष खंडेलवाल, किशोर अरोड़ा, गोविंद राम अरोड़ा, पूर्व पालिकाध्यक्ष मीना शर्मा, अनिल शर्मा, राकेश कालड़ा, अशोक कालड़ा, महावीर आजाद, राकेश सुखीजा, हरीश अरोरा, अमित चावला आशीष मिड्ढा, मनोज गाबा, अमित अरोरा बोबी, राजेश छाबड़ा, कर्मचन्द राजदेव, मोहन लाल भुड्डी, प्रेम खुराना, संजीव आनन्द, गौरव तनेजा, आशीष ग्रोवर आशू, हरीश सुखीजा, मनोज मुंजाल, विशाल भुड्डी, राम कृष्ण कन्नौजिया, अनिल तनेजा, रमन अरोरा, कुक्कू शर्मा, सौरभ राज बेहड़, राजकुमार कक्कड़, सचिन मुंजाल, सुभाष तनेजा, गौरव जग्गा, गुरशरण बब्बर शरणी, सचिन आनन्द, सुमित आनन्द, वैभव भुड्डी, दीपक अग्रवाल, रोहित नागपाल, अमन गुम्बर, रोहित खुराना, गोगी, सन्नी आहूजा शिवांश कोहली, शौर्य अरोरा, आयुष धमीजा, नीतिश धीर, मोहन अरोरा, हर्ष अरोरा, रोनिक मुंजाल, गर्वित मुंजाल, केतन बांगा, कुंदन, सिद्धान्त ग्रोवर, सन्नी सुखीजा, जतिन सुखीजा, चिराग तनेजा, अभय भुड्डी, आशमन अरोरा, अभि चुघ, तन्मय आनन्द, आयुष्मान सुशील गाबा, सी ए करुण गुप्ता, विभोर बाठला,रवि अरोरा, रोहित जग्गा, सचिन तनेजा , देवीदयाल अनेजा, राधा अनेजा, मनीष बत्रा, गीता बत्रा, पार्थ बत्रा,रीना सुखीजा, कपिश सुखीजा ,मोहित सुखीजा, शांभवी सुखीजा, शिवांश सुखीजा, सुनीता कक्कड़, अर्पित कक्कड़, राजीव अहूजा संजीव आहूजा प्रदीप आहूजा, लीला आहूजा,हेमा पांडे, रीया, शीतल गाबा, खुशी गाबा, शुभम गुंबर,राकेश गुंबर, अक्षय गुंबर, कमलेश गुंबर, जगदीश चंद्र,आस्था, अर्पना, महेन्द्र गाबा, अजय अनेजा, आशीष छाबड़ा, हरीश घई, अनीता घई, सुनीता रानी, अशोक घई, अमित पांडे, चारु पांडे,आशु ग्रोवर, हरि पांडे,कान्हा पांडे, नरेंद्र सिंह, अर्जुन माहेश्वरी,राजकुमार शर्मा,चौधरी चरण सिंह आदि सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



















## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्


# 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ'

समाज में महिला और पुरुषों की आबादी में संतुलन बेहद जरूरी है। देश में बेटियों की कम हो रही संख्या को समान अनुपात में लाने के लिए सरकार की ओर से हर स्तर पर प्रयास किए जाते रहे हैं। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना भी इन्हीं प्रयासों का एक हिस्सा है। राष्ट्रीय स्तर पर शुरू की गई इस योजना का मुख्य उद्देश्य गिरते लिंगानुपात को रोकना, कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाना तथा बालिकाओं की शिक्षा और शारीरिक एवं मानसिक विकास से जुड़े कार्यों को गति देना है। बेटियों के लिए यह योजना निश्चित तौर पर बदलाव की वाहक बन सकती है, लेकिन सवाल है कि क्या यह परिणामोन्मुख तरीके से आगे बढ़ पा रही है?महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की हालिया रपट के तथ्यों से तो ऐसा नजर नहीं आ रहा है। रपट में कहा गया है कि इस योजना के तहत पिछले ग्यारह वर्षों में स्वीकृत राशि में से करीब एक तिहाई राशि का इस्तेमाल नहीं हो पाया है। वर्ष 2024-25 (31 दिसंबर तक) में तो सबसे कम करीब तेरह फीसद राशि ही खर्च हो पाई। ऐसे में इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और इसकी सफलता को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है।यह सच है कि नई तकनीक अपने साथ चुनौतियां भी लेकर आती हैं। भ्रूण परीक्षण जैसे गैरकानूनी और अनैतिक कृत्य भी तकनीक के दुरुपयोग का ही परिणाम है। देश में लिंगानुपात गड़बड़ाने का एक कारण भ्रूण परीक्षण भी है। हालांकि इस पर कानूनन प्रतिबंध है, लेकिन चोरी-छिपे भ्रूण परीक्षण कराने के मामले अक्सर सामने आते रहते हैं। हमारे समाज की रूढ़िवादी मानसिकता भी इसके लिए जिम्मेदार है। बेटे को प्राथमिकता और बेटियों को परिवार पर बोझ समझने की प्रवृत्ति आज भी मौजूद है।'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना में समाज की इस सोच को बदलने का आह्वान भी सम्मिलित है। इसके क्रियान्वयन में जो लापरवाही देखी जा रही है, वह बेहद निराशाजनक है। जब इस योजना के तहत स्वीकृत धनराशि का एक बड़ा हिस्सा खर्च ही नहीं किया जा रहा है, तो इसका लाभ पात्र बालिकाओं तक कैसे पहुंचेगा? जिस उद्देश्य से यह योजना शुरू की गई थी, वह लक्ष्य कैसे हासिल हो पाएगा? इस पर गंभीरता से विचार करना होगा। रपट में कहा गया है कि पिछले ग्यारह वर्षों में इस योजना के तहत स्वीकृत धनराशि का सौ फीसद इस्तेमाल कभी नहीं हो पाया। जबकि योजना के मुताबिक, इस राशि का इस्तेमाल लड़कियों को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने, उनमें खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने, आत्मरक्षा का प्रशिक्षण, पोषण कार्यक्रम, स्वास्थ्य सुविधाएं और शौचालय के निर्माण जैसे कार्यों पर किया जाता है। जिला स्तर पर इस योजना को लागू करने के लिए धनराशि राज्य सरकार के माध्यम से प्रदान की जाती है।

# ट्रांजिट कैम्प और रविन्द्र नगर में ठुकराल को किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने ट्रांजिट कैम्प, रविन्द्र नगर सहित कई स्थानों पर शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सवों में पहुंचकर पूजा अर्चना में प्रतिभाग किया और सभी के लिए सुख समृद्धि की कामना की। हमारी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक समरसता का उत्सव भी है। उन्होंने आगे कहा आज आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने भीतर की बुराइयों का नाश कर, सच्चाई, सेवा और समर्पण के मार्ग पर आगे बढ़ें। जिस प्रकार मां दुर्गा प्रदेश अध्यक्ष दलित अधिकारी, समाजसेवी संजय ठुकराल, गगन ग्रोवर, आनंद शर्मा, बर्जन मंडल, तरुण दत्ता, राकेश दास, महेश दास, कमेटी के अध्यक्ष कार्तिक चक्रवर्ती ,कमेटी के उपाध्यक्ष राज सरकार, किशोर डे, राज नगर में आयोजित कार्यक्रम में समाजसेवी संजय ठुकराल, आनंद शर्मा, गगन ग्रोवर, बर्जन मंडल केरू ,कमेटी के अध्यक्ष परितोष मंडल, उपाध्यक्ष मानस सरकार ,प्रदीप विश्वास ,संजय हालदार ,सचिव विपुल गायन ,प्रदीप



इस अवसर पर आयोजकों ने ठुकराल का स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर ठुकराल ने कहा शक्ति की उपासना का यह पर्व हम सभी के जीवन में आस्था, आत्मबल और एकता का संदेश लेकर आता है। दुर्गा पूजा केवल धार्मिक आस्था का ही प्रतीक नहीं है, बल्कि यह ने राक्षसों का संहार कर धर्म की रक्षा की, उसी प्रकार हम सभी को समाज में फैली नकारात्मकता, भेदभाव और असहिष्णुता को दूर करने के लिए एकजुट होना होगा।श्री श्री शारदीय दुर्गा पूजा कमेटी ट्रांजिट कैंप में द्वारा आयोजित कार्यक्रम में दर्जा राज्य मंत्री उत्तम दत्ता, बंगाली कल्याण समिति के चक्रवर्ती, कोषाध्यक्ष प्रदीप शाह, महासचिव डॉ सुमित राय, उपसचिव बिट्टू ढाली, सचिन मंडल, दलीप अधिकारी, अभिनव दत्ता, मनोज कर, सुवीर वंदना दास, नंदशेखर गांगुली, शुभम दास, महेश राय, मानस बैरागी, अपूर्व विश्वास, शुभम स्वर्णकार, ठाकुर प्रवीण सिंह मोनू आदि मौजूद थे। जबकि रविन्द्र दास, सुकुमार सरकार, तारक अधिकारी, महेश मंडल, गोपाल सरकार, शिवपद सरकार, कार्तिक मंडल, अभिमन्यु देव राय, मानदार सरकार, रंजीत राय, तापस विश्वास, विश्वजीत विश्वास, निमाई मंडल, रामानंद, महेंद्र विश्वकर्मा, सुब्रत, शिवम, अर्जुन विश्वास, बाबू विश्वकर्मा, महेंद्र पाल आदि मौजूद रहे।

# 9 अक्टूबर तक होगा पंचम श्रीमद् भागवत महाज्ञान यज्ञ का आयोजन

गदरपुर। श्री शिव पार्वती मंदिर कमेटी आवास विकास द्वारा पांचवीं बार श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है जानकारी देते हुए शिव मंदिर पार्वती कमेटी के महामंत्री सतीश छाबड़ा ने बताया कि आवास विकास मन्दिर पार्क में पांचवीं बार श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें वृंदावन से मशहूर कथा वाचक परम पूज्य श्री बृज गोपाल महाराज जी द्वारा साप्ताहिक कथा श्रद्धालुओं को सुनाई जाएगी। कथा 3 अक्टूबर दिन शुक्रवार से 9 अक्टूबर गुरुवार तक चलेगी। 3 अक्टूबर को प्रातः 9:00 बजे श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार से कलश यात्रा निकाली जाएगी। जो नगर के मुख्य मार्ग से होती हुई श्री शिव पार्वती मंदिर आवास विकास में पहुंचेगी और उसी दिन शाम 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण होगा। कथा 9 अक्टूबर गुरुवार तक चलेगी। 9 अक्टूबर शाम 7:00 बजे हवन होगा और उसके उपरांत रात्रि 8:00 बजे भंडारे का आयोजन किया गया है। श्री छाबड़ा ने बताया की कथा के आयोजन में महिला संकीर्तन मंडल एवं युवा मंच द्वारा विशेष प्रयास किया जा रहे हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से सहयोग करने की अपील भी की। उन्होंने सभी नगर वासियों क्षेत्र से निवेदन किया है की कथा में पहुंचकर कथा को श्रवण करें और पुण्य के भागी बने।

# मुखर्जी नगर में महापौर ने किया सड़क का शिलान्यास

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रुद्रपुर नगर निगम के वार्ड संख्या 05, मुखर्जी नगर में सड़क निर्माण कार्य का महापौर विकास शर्मा ने नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। यह कार्य डॉ. गोपाल शर्मा ने कहा कि रुद्रपुर शहर को स्मार्ट, स्वच्छ और सुगम यातायात वाला शहर बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। वार्ड नंबर 05 में यह सड़क वर्षों से जर्जर स्थिति में थी, जिससे स्थानीय निवासियों




के निवास से कन्हाई मलिक के घर तक प्रस्तावित है। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों स्थानीय नागरिकों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने महापौर का स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान मिष्ठान वितरण भी किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम में महापौर विकास को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जनता की समस्या हमारी समस्या है और उसी भावना से यह कार्य प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कि सभी वार्डों में विकास कार्य प्राथमिकता से कराये जा रहे हैं। जनभावनाओं का सम्मान करते हुए विकास की कल्याणकारी योजनाएं बनाई जा रही है। महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड में विकास की रफ्तार को नई दिशा मिली है। उनके कुशल नेतृत्व में योजनाएं न केवल बन रही हैं, बल्कि धरातल पर तेजी से उतर भी रही हैं। शहर के हर वार्ड में बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराना हमारा लक्ष्य है और मुख्यमंत्री धामी के मार्गदर्शन से हम इस दिशा में निरंतर प्रगति कर रहे हैं।कार्यक्रम की अध्यक्षता वार्ड की पार्षद श्रीमती कुसुम शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि यह कार्य स्थानीय निवासियों की वर्षों पुरानी मांग थी, जिसे आज महापौर के प्रयासों से पूरा किया जा रहा है। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि शहर की प्रगति में सब मिलकर सहभागी बनें।इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि राधेश शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, भगत सिंह मंडल अध्यक्ष सुनील ठुकराल, महामंत्री पारस चुघ, मंडल उपाध्यक्ष गोविंद शर्मा, आकाश रस्तोगी सहित अनेक कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# स्वच्छता पखवाड़ा में सांसद व मेयर ने किया पौधारोपण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतिम दिवस पर सांसद अजय भट्ट, महापौर गजराज सिंह बिष्ट भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट आदि ने अनेक स्थानों पर पौधारोपण किया। अभियान के तहत शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। इस पखवाड़े के दौरान, निगम ने चार प्रमुख स्थानों ट्रेंचिंग ग्राउंड के पास, मंडी बाईपास, चंबल पुल और हीरानगर को स्वच्छ भारत मिशन की गाइडलाइन के अनुसार विकसित करने का निर्णय लिया है। महापौर ने बताया कि ट्रेंचिंग ग्राउंड के बाहरी हिस्से को श्री वन के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहां पर 1000 पौधे लगाने का लक्ष्य है जो की कूड़े के ढेर को साफ करके लगाए गए हैं। वहीं चंबल पुल पर व्यापक सफाई अभियान चलाकर कचरा हटाया गया और टाइल्स बिछाकर बैठने के स्थान बनाए जा रहे हैं। यहाँ पर पेड़ भी लगाए जा रहे हैं जिससे यह स्थान और भी सुंदर दिखेगा। उन्होंने कहा कि मंडी बाईपास पर स्थित कचरा घर को श्रीवन के रूप में विकसित किया जा रहा है। यहाँ पर टाइल्स और सौन्दर्यीकरण के साथ-साथ पेड़ लगाकर ग्रीन बेल्ट बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इससे हल्द्वानी ऋचा सिंह एवं अन्य जन प्रतिनिधि और नगर निगम की टीम ने चंबल पुल पर सफाई अभियान में भाग लिया और लोगों को जागरूक किया। नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने बताया कि नगर निगम का उद्देश्य




को हरित और स्वच्छ बनाने में मदद मिलेगी। इस स्थान को वेस्ट टू वंडर में भी परिवर्तित किया जा रहा है। श्री बिष्ट ने बताया हीरानगर में भी ट्रांसफॉर्मेशन का काम शुरू किया जाएगा। इन सभी स्थानों को 15 दिनों के भीतर तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम मेंनगर आयुक्त स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना है। नगर निगम की टीम के द्वारा उक्त स्थान पर कई बार सफाई अभियान चलाए गए लेकिन लोगों ने यहां कूड़ा डालना नहीं छोड़ा है अब इन स्थानों को परिवर्तित कर इस आशय से सौंदर्य करण किया जा रहा है।

# संत निरंकारी मिशन को किया सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के दिव्य आशीर्वाद एवं उनकी प्रेरणादायी शिक्षाओं के आलोक में, संत निरंकारी मिशन की सामाजिक शाखा संत निरंकारी चौरिटेबल फाउंडेशन वर्षों से देश-विदेश के विभिन्न हिस्सों में नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान शिविरों का सफल आयोजन करती आ रही है। यह सेवा-यात्रा एक सतत एवं समर्पित प्रयास के रूप में जारी है, जिसका मूल उद्देश्य है श्मानवता की निस्वार्थ सेवा। इसी क्रम में इस वर्ष भी मिशन द्वारा देश के अनेक राज्यों सहित राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में भी रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया। इन प्रयासों को समाज व सरकार द्वारा भरपूर सराहना मिल रही है। मानव सेवा के इसी उत्कृष्ट योगदान हेतु राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में एम्स, नई दिल्ली स्थित ब्लड ट्रांसफ्यूजन काउंसिल द्वारा संत निरंकारी मंडल के महासचिव सुखदेव को मिशन की इस दिव्य सेवा के लिए विशेष सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर मिशन के मेडिकल



सर्विस कोऑर्डिनेटर, डॉ. नरेश अरोड़ा की गरिमामयी उपस्थिति भी रही।सम्मान ग्रहण करते हुए सुखदेव ने कहा कि "संत निरंकारी मिशन सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के मार्गदर्शन में सदैव समाज कल्याण हेतु प्रतिबद्ध रहा है। रक्तदान एक ऐसा पवित्र कार्य है, जो न केवल जीवन बचाता है, बल्कि मानवता की भावना को भी सशक्त करता है। यह सेवा बाबा हरदेव सिंह जी द्वारा दिए गए दिव्य संदेश 'रक्त नालियों में नहीं, नाड़ियों में बहना चाहिए' की प्रेरणा से प्रारंभ हुई थी और आज भी उसी भावना के साथ अनवरत जारी है। संत निरंकारी मिशन के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने बताया कि मिशन के भक्त रक्तदान को केवल सेवा नहीं, बल्कि अपनी भक्ति का अभिन्न अंग मानते हुए अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं। अब तक मिशन द्वारा लगभग 14 लाख, 50 हजार यूनिट रक्त दान किया जा चुका है, जो मानवता के प्रति उनकी संवेदनशीलता एवं उत्तरदायित्व को दर्शाता है। संत निरंकारी मिशन न केवल रक्तदान जैसे सेवाकार्यों में अग्रणी है, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं जैसे बाढ़, भूकंप आदि के समय भी राहत और पुनर्वास के लिए तत्पर रहता है।

# मेले और पर्व संस्कृति के संवाहक: शर्मा

रूद्रपुर। विजयादशमी के पावन पर्व पर मेट्रोपोलिस रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी द्वारा मेट्रोपोलिस सिटी में भव्य दशहरा मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारम्भ नगर निगम महापौर विकास शर्मा ने फीता काटकर किया। इसके साथ ही महापौर ने शहर के गांधी पार्क, भूत बंगला सहित नगर के विभिन्न स्थानों पर आयोजित दशहरा एवं दुर्गा पूजा कार्यक्रमों में भी प्रतिभाग किया और उपस्थित जनसमूह को असत्य पर सत्य की विजय के इस पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। आयोजकों ने महापौर को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित भी किया।मेट्रोपोलिस सिटी में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए महापौर विकास शर्मा ने कहा कि दशहरा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि यह बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि यह त्योहार हमें याद दिलाता है कि चाहे असत्य कितना भी बलवान क्यों न लगे, अंततः सत्य और सद्गुण ही विजय प्राप्त करते हैं। महापौर ने कहा हम सभी को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। श्री शर्मा ने कहा कि आज जब आधुनिक जीवनशैली और भागदौड़ के बीच लोग पारिवारिक व सांस्कृतिक मूल्यों से दूर होते जा रहे हैं, तब इस प्रकार के सामूहिक आयोजन समाज को एकजुट करने का कार्य करते हैं। मेले में रामलीला मंचन, झांकियों और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। आयोजन समिति ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, संजय ठुकराल, सोसायटी के अध्यक्ष देवेन्द्र शाही, सचिव सुनील शुक्ला, उपाध्यक्ष विक्रांत फुटेला, कार्यक्रम संयोजक बी.एल. चोमवाल, डॉ. वीरपाल सिंह, विनय दुबे, मोहन तिवारी, हितेश लालवानी, निशांत शाही, बृजेश तिवारी, हरेन्द्र राय, पुष्पेन्द्र राय, हिमांशु मिड्डा, विकास चन्द्र, दिलीप सिंह, डॉ. कृष्ण गुप्ता, मलखान सिंह, डॉ. अभिषेक गुप्ता, अक्षय बिष्ट सहित अनेक गणमान्य सदस्य मौजूद रहे।



# 31वी वाहिनी पीएसी में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम रही धूम

## वेपन हैंडलिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन

रुद्रपुर। 31वीं वाहिनी पीएसी के 55वां स्थापना दिवस पर तीसरे दिन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम रही। कलाकारों ने एक से एक बढ़ अपनी प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में धूम मचा दी। इस दौरान पुलिस कर्मचारियों के बीच वेपन हैंडलिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें हेड कांस्टेबल राजेंद्र नाथ, कांस्टेबल जगदीश पांडेय ने प्रथम स्थान, हेड कांस्टेबल गोविंद शाही, कांस्टेबल गोकुल प्रसाद द्वितीय तथा हेड कांस्टेबल योगेन्द्र सिंह, महिला कांस्टेबल राधा बिष्ट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मेले में विभिन्न प्रकार के बच्चों के मनोरंजक झूले,फिरोजाबाद की



चूड़ियां,मेरठ के स्पोर्ट्स सामान आदि के स्टॉल लगाये गये हैं। यहां पर देर शाम रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण केन्द्र रहे।पुलिस मार्डन स्कूल, 31वी वाहिनी पीएसी के बच्चों ने भी रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। लोकगायक राकेश खनवाल सांकृतिक कार्यक्रम पार्टी ,वाहिनी आर्केस्ट्रा टीम। आज शाम को मेले का समापन होगा। समापन के मौके पर मुख्य अतिथि डीएम नितिन भदौरिया रहेंगे। इस मौके पर सेनानायक पंकज भट्ट,उप सेनानायक 31वी वाहिनी पीएसी मिथिलेश कुमार, सिंह, उपसेनानायक वीर सिंह, 31वीं वाहिनी पीएसी सहायक सेनानायक तपेश कुमार चन्द्र, सहायक सेनानायक प्रतिमा भट्ट , राकेश माहरा, खुर्शीद अली, श्याम पाल रावत समेत अन्य सूबेदार,दल के दलनायक अधिकारी,कर्मचारी मौजूद रहे।

# स्वराज आश्रम में जयंती पर गांधी व शास्त्री को किया नमन

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर जिला महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा स्वराज आश्रम, कांग्रेस भवन में एक भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कांग्रेसजनों ने गांधी जी व शास्त्री जी के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके बताए हुए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। महानगर अध्यक्ष गोविन्द सिंह बिष्ट ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा से आजादी की लड़ाई लड़ी, वहीं लाल बहादुर शास्त्री जी ने 'जय जवान जय किसान' का नारा देकर देश को आत्म निर्भरता की राह दिखाई। उन्होंने कहा कि आज दुर्भाग्य है कि सत्ता में बैठे लोग गांधी और शास्त्री के विचारों को भूलकर नफरत और पूँजीपतियों की राजनीति कर रहे हैं। गांधी जी का भारत सबका भारत था, आज का भारत केवल कुछ चुनिंदा लोगों तक सीमित रह गया है। शास्त्री जी ने किसानों और जवानों को राष्ट्र की रीढ़ कहा था, लेकिन वर्तमान सरकार न ईमानदारी से राजनीति की परिभाषा तय की। मगर आज लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाएँ खतरे में हैं, बेरोजगारी, महंगाई और पेपर लीक ने युवाओं का भविष्य अवसर पर हेमन्त बगड़वाल, विजय सिजवाली, नरेश अग्रवाल, मधु सांगूड़ी, जया कर्नाटक, राधा आर्य, भगवती जोशी, पुष्पा तिवारी, मंजू बिष्ट, दिनेश सांगूड़ी,



किसानों की सुन रही है और न ही युवाओं की। कार्यक्रम में उपस्थिति कांग्रेसजनों ने भी एक स्वर में कहा कि गांधी जी ने जनता की आवाज को सर्वोच्च स्थान दिया और शास्त्री जी ने सादगी व अंधकारमय कर दिया है।जयंती कार्यक्रम में मौजूद सभी कांग्रेसजनों ने शपथ ली कि गांधी और शास्त्री जी के आदर्शों की रक्षा करेंगे और लोकतंत्र को बचाने के लिए हर अन्याय के खिलाफ संघर्ष करेंगे।इस नवीन सांगूड़ी कौशलेंद्र भट्ट, गोविंद बिष्ट, गोविंद बगड़वाल, संदीप भैसोड़ा, मनोज श्रीवास्तव, संदीप जोशी, इंदर सिंह बिष्ट, गणेश टम्टा, ताहिर हुसैन, साद अली, उदित करायत आदि उपस्थित रहे।

# धार्मिक आयोजनों से साम्प्रदायिक सद्भावना को मिलती है मजबूती : मीना

रूद्रपुर । पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा है कि तराई कोमी एकता का गुलदस्ता है, यहाँ हर जाति धर्म और वर्ग के लोग अपने अपने तीज त्यौहार उत्साह पूर्वक मिल जुल कर मनाते है, जिस से हमारी सांप्रदायिक सद्भावना को मजबूती मिलती है, श्रीमति शर्मा मुखर्जी नगर में श्री दुर्गा पूजा महोत्सव का मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर उद्घाटन कर रही थी। यहाँ श्री दुर्गा कमेटी द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण कर एवं पीत वस्त्र डालकर भव्य स्वागत किया गया । इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सी पी शर्मा ने की। अन्य प्रमुख लोगो में पूर्व पार्षद प्रीति साना, कांग्रेस जिला महामंत्री संघटन योगेश चौहान, उमा सरकार, संजय आईस, विकास विश्वास, नारायण मंडल, अर्जुन विश्वास, सतीश कुमार, अमन जोहरी, नव कुमार साना, बेबी सिकधर, सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अखिलेश मंडल द्वारा किया गया।वहीं संजय नगर में श्री श्री शारदीय दुर्गा पूजा महोत्सव में उत्तराखण्ड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की बरिष्ठ उपाध्यक्ष और पूर्व पालिका अध्यक्ष, श्रीमती मीना शर्मा, ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर दुर्गा पूजा में प्रतिभाग किया। यहाँ पूजा आयोजन कमेटी द्वारा श्रीमती शर्मा सहित जिला महामंत्री संघटन योगेश चौहान, कांग्रेस के बरिष्ठ नेता अनिल शर्मा, राजकीय डिग्री कॉलेज की उपाध्यक्ष सोनिया मंडल का पीत वस्त्र डालकर और स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया, इस अवसर पर पूर्व पार्षद विकास मलिक,अरुण दास, रंजीत तिवारी, सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग उपस्थित थे।



# धूमधाम से मनायी गाँधी जयंती

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।शहर के सुपरिचित 'रेनबो पब्लिक स्कूल' में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की 156 वी जयंती एवं लालबहादुर शास्त्री का जन्मदिवस अत्यन्त हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक संजीव कुमार एवं प्रधानाचार्य संजय अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया एवं जी. एस. रावत, श्रीमती अनुपम मिश्रा, मयंक सुन्दरियाल सहित सभी उपस्थित अध्यापक एवं अध्यापिकाओं ने गाँधी जी एवं शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। विद्यालय की अध्यापिका अनुपम मिश्रा ने रामधुन प्रस्तुत की एवं महात्मा गांधी की जयंती पर स्वतंत्रता संग्राम मे उनके योगदान सत्य, अहिंसा व उनके सिद्धांतो के बारे मे बताया।तदुपरान्त विद्यालय के प्रबन्धक संजीव कुमार ने सभी को गाँधी जयंती की शुभकामनाएं दीं एवं विद्यालय में स्वच्छता एवं पालिथीन हटाओ दल का परिचय लिया। स्वच्छता अभियान एवं पॉलीथीन हटाओ पर विशेष जोर दिया एवं विद्यालय को स्वच्छ व हरा भरा बनाने का आग्रह किया।कार्यकम का समापन विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री संजय अग्रवाल के बधाई संदेश एवं धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। इस अवसर पर विद्यालय में समस्त रेनबो परिवार उपस्थित रहा।



# पांच फरार वारंटियों को पुलिस ने दबोचा

काशीपुरं अलग-अलग मामलों में पिछले लंबे समय से फरार चल रहे पांच वारंटियों को पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए जरूरी पूछताछ के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया। जानकारी के मुताबिक रामपुर, कोतवाली काशीपुर निवासी संदीप पुत्र कुलदीप, ब्रह्म नगर कुंडेश्वरी निवासी मोनू पुत्र चंद्रपाल, कुंडेश्वरी निवासी अतेंद्र पुत्र मुरली सिंह, रमपुरा निवासी हरविंदर सिंह उर्फ हैरी पुत्र परमजीत सिंह व लक्ष्मीपुर काशीपुर निवासी रामसिंह पुत्र शेर सिंह की पुलिस को अलग-अलग मामलों में लंबे समय से तलाश थी। उपरोक्त सभी पोंचो के खिलाफ कोर्ट में समय पर ना हाजिर होने के कारण वारंट जारी किए गए थे। इसी के बाद से उपरोक्त सभी पांचो कानून की आंख में धूल झोंककर फरार चल रहे थे जिन्हें पुलिस ने सूचना के आधार पर दबिश देकर गिरफ्तार कर लिया।

# सीएम ने किया नगर पंचायत को सम्मानित

गूलरभोज (उद संवाददाता) । उत्तराखंड स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में प्रदेश में नगर पंचायत गूलरभोज का द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा 10 लाख रुपए का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। नगर पंचायत अध्यक्ष सतीश चुघ ने कहा कि गुलरभोज के विकास में कोई कमी नहीं आने दूंगा इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी, राजकुमार भारती समस्त सभासद पर्यावरण मित्र समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।



## पेज एक का शेष...

**गिरफ्तारी के खिलाफ...**बीच हुई झड़प के बाद लेह में भड़की हिंसा के कुछ दिनों बाद सोनम वांगचुक को हिरासत में लिया गया था। आंगमो ने वकील सर्वम रीतम खरे के माध्यम से दायर अपनी याचिका में वांगचुक की हिरासत को चुनौती दी है और उनकी तत्काल रिहाई का अनुरोध किया है। याचिका में वांगचुक पर रासुका लगाने के फैसले पर भी सवाल उठाए गए हैं। आंगमो ने आरोप लगाया कि उन्हें अभी तक हिरासत आदेश की प्रति नहीं मिली है, जो नियमों का उल्लंघन है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि उनका अभी तक वांगचुक से कोई संपर्क नहीं हो पाया है। इससे पहले गीतांजलि जे. आंगमो ने लद्दाख के पुलिस महानिदेशक के बयानों को झूठा और गढ़ी गई कहानी बताते हुए कहा था कि यह एक सोची-समझी साजिश है, जिसके जरिए किसी को फंसाकर मनमर्जी करने की कोशिश हो रही है। गीतांजलि ने कहा था हम डीजीपी के बयान की कड़ी निंदा करते हैं। सिर्फ मैं ही नहीं, बल्कि पूरा लद्दाख इन आरोपों को खारिज करता है। ये एक बनावटी कहानी है, ताकि किसी को बलि का बकरा बनाया जा सके और वे जो चाहें वो कर सकें। उन्होंने सवाल उठाया था कि सीआरपीएफ को गोली चलाने का आदेश किसने दिया? अपने ही नागरिकों पर गोली कौन चलाता है? खासकर वहां, जहां कभी हिंसक प्रदर्शन नहीं हुए। गीतांजलि का कहना था कि सोनम वांगचुक का इस पूरी घटना से कोई लेना-देना नहीं था। वे तो उस समय किसी और जगह शांतिपूर्वक भूख हड़ताल पर बैठे थे। वे वहां मौजूद ही नहीं थे, तो वे किसी को कैसे उकसा सकते हैं?

**अंतर्राज्यीय वाहन..**उसने बताएं स्थान की घेराबंदी कर मौके से दो वाहनो के साथ दो संदिग्ध लोगों को दबोच लिया। दोनों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की दो और मोटरसाइकिलें बरामद की। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए बदमाशों ने अपना नाम धोबियान वाली मस्जिद के पास मोहल्ला फतेहुल्लाह गंज, तहसील ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी अजहरुद्दीन पुत्र छुम्मन तथा दूसरे ने अपना नाम पिपली राजपुर थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी दिनेश पाल पुत्र अजब सिंह बताया। पुलिस की सख्ती के आगे दोनों टूट गए। पुलिस के हत्थे चढ़े चोरों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि अंतरराज्यीय चोर गिरोह के गिरफ्तार सदस्यों में अजहरुद्दीन के खिलाफ यूपी उत्तराखंड के थानों में आठ गंभीर मामले पंजीकृत है जबकि पकड़े गए दिनेश पाल के खिलाफ पांच मामले पंजीकृत है। कार्यवाही करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक काशीपुर के अलावा उप निरीक्षक कौशल भाकुनी, गिरीश चंद्र, कांस्टेबल प्रेम सिंह कनवाल, गिरीश मठपाल व ईश्वर सिंह प्रमुख रूप से शामिल रहे।

**सड़क हादसे में...**बाद परिजन उसे रुद्रपुर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां उसे भर्ती करने से इंकार कर दिया गया। मजबूरन स्वजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, हरपाल सिंह का उपचार जारी है। हादसे से परिवार में शोक की लहर है, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**कार खाई में गिरने से ....**दिखाई गई और घायलों को सुरक्षित निकालकर तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस के अनुसार, सभी यात्री मसूरी में एक शादी समारोह में शामिल होकर दिल्ली लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। दुर्घटना में घायलों हुए लोगों की पहचान फरीद अकरम (42), पुत्र रईस अहमद, निवासी तुगलकाबाद, दिल्ली,रतन गौड़ (48), पुत्र जनार्दन प्रसाद गौड़, निवासी टिहरी गढ़वाल,ओमप्रकाश जनार्दन (42), निवासी टिहरी गढ़वाल,मुकेश गौड़ (31), पुत्र जनार्दन प्रसाद गौड़, निवासी टिहरी गढ़वाल,देशराज (29), पुत्र रामचंद्र, निवासी तुगलकाबाद, दिल्ली के रूप में हुई है। मौके पर मौजूद पुलिस और राहत दल ने बताया कि कार एक तीखे मोड़ पर नियंत्रण से बाहर हो गई और सीधे खाई में जा गिरी। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार को हादसे का संभावित कारण माना जा रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

**दुर्गा पूजा से लौट....**परिवार सहित राय कॉलोनी निकट जन्मभूमि स्कूल में जय प्रकाश के घर में किराए पर रह रहे हैं। विगत रात्रि वे अपनी पत्नी और बच्चों के साथ ट्रांजिट कैंप स्थित दुर्गा पूजा मेले में गए थे। रात करीब 9 बजे, जब वे मेले से लौट रहे थे और गोल मड़इया के आगे, मुकेश ज्वैलर्स के सामने वाली गली पर पहुँचे, तभी एक युवक अचानक सामने से आया और कमल किशोर की पत्नी के गले से सोने का मंगलसूत्र छीनकर तेजी से भाग निकला। कमल किशोर और उनकी पत्नी ने साहस दिखाते हुए आरोपी का पीछा किया, लेकिन वह भीड़ का फायदा उठाकर गली में गुम हो गया। पीड़ित ने बताया कि आरोपी ने काली टी-शर्ट पहनी हुई थी, जिसमें पीछे शेर के मुख का डिजाइन बना हुआ था। उन्होंने दावा किया कि यदि वह युवक दोबारा सामने आता है तो वे पहचान सकते हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला पंजीकृत कर लिया है और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

**संदिग्ध हालातों ...**सुबह मृतक के परिजन बदायूं से रामनगर पहुंच गए। परिजनों के अनुसार, किशन ने ऐसा कदम क्यों उठाया, इसका अंदेशा किसी को नहीं है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

**सर्पदंश से ...**में काट लिया। देखते ही देखते उसके हाथ से खून बहने लगा। साथी कर्मचारी घबराए बिना तुरंत सुखदेव को सरकारी अस्पताल ले गए। अस्पताल की चिकित्सक डॉ. दीपा पांडे ने बताया कि घायल कर्मचारी का उपचार शुरू कर दिया गया है। उसे निगरानी में रखा गया है और यदि उसके स्वास्थ्य में गिरावट होती है तो हायर सेंटर रेफर किया जाएगा। अन्यथा स्थिति सामान्य रहने पर छुट्टी दे दी जाएगी।

विघ्नेश्वराय वरदाय सुरप्रियाय लम्बोदराय सकलाय जगद्धिताय ।
नागाननाय श्रुतियज्ञविभूषिताय गौरीसुताय गणनाथ नमो नमस्ते ॥
हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एवं वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रूद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# गदरपुर में श्री रामलीला का हुआ भव्य समापन

गदरपुर (उद संवाददाता)।इस वर्ष आयोजित दोनों प्रमुख रामलीलाओं श्री रामलीला अनाज मंडी व शिव मंदिर रामलीला कमेटी का समापन हर्षोल्लास के साथ हुआ। कई दिनों तक चले इन मंचनों ने ना सिर्फ धार्मिक वातावरण को जीवंत किया बल्कि पूरे नगर को रामभक्ति के रंग में रंग दिया। समापन अवसर पर दोनों रामलीलाओं के अंतिम दृश्य, श्री राम का लंका विजय प्रवेश व राजतिलक, विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। कलाकारों ने इतनी सजीव प्रस्तुति दी कि पूरा पंडाल "जय श्री राम" के नारों से गूंज उठा। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने खड़े होकर तालियाँ बजाकर कलाकारों का अभिनंदन किया। श्री रामलीला अनाज मंडी कमेटी के अध्यक्ष रविंद्र बजाज ने मंचन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी पदाधिकारियों, सदस्यों, कलाकारों व नगरवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, गदरपुर की जनता ने जो प्रेम और समर्थन दिया, उसी ने हमारी मेहनत को सार्थक किया। दूसरी ओर शिव मंदिर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष जय कृष्ण अरोड़ा ने भी भावुक होते हुए कहा कि "दर्शकों की उमड़ी भीड़ और रोजाना मिलने वाली तालियाँ ही हमारी सबसे बड़ी कमाई हैं।" उन्होंने सभी सहयोगी सदस्यों को धन्यवाद दिया। दोनों रामलीला कमेटियों ने एक-दूसरे को भी सफल आयोजन के लिए बधाई दी। यह गदरपुर के लिए गर्व का विषय रहा कि दो अलग-अलग स्थलों पर मंचित रामलीलाओं ने मिलकर धार्मिक सौहार्द, सांस्कृतिक जागरूकता और सामुदायिक एकता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस बार की रामलीला केवल एक मंचन नहीं, बल्कि एक "आध्यात्मिक उत्सव" थी, जिसमें हास्य, वीरता, त्याग, भक्ति और मर्यादा सभी रंग एक साथ देखने को मिले।





# सचदेवा परिवार ने किया प्रभु राम का भव्य स्वागत

गदरपुर। क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यापारी आनंद ज्वेलर्स एवं आनंदम ज्वेलर्स के स्वामी प्रेम सचदेव व सुरेन्द्र सचदेवा द्वारा वार्ड न 5 महेंद्र कालोनी स्थित अपने निवास पर विजय दशमी के पर्व पर प्रभु राम के राजतिलक के पश्चात भव्य स्वागत किया।आवास विकास वार्ड 6 में आयोजित श्री शिव पार्वती रामलीला के मंच पर राजतिलक के पश्चात सचदेवा परिवार द्वारा प्रभुराम, लक्ष्मण ,माता सीता, हनुमान ,भरत एवं शत्रुघ्न व मुनि विशिष्ट के सुंदर व आकर्षक स्वरूपों का पुष्प वर्षा , आतिशबाजी ,ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया।आनंद ज्वेलर्स के एम डी प्रेम सचदेवा एवं राधा रानी द्वारा प्रभु का तिलक करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया।इस मौके पर आनंद ज्वेलर्स के एम डी रवि सचदेवा ने प्रभु के घर आगमन पर अपनी खुशी का इजहार करते हुए विजयादशमी की बधाई दी साथ ही उन्होंने कहा उनका सौभाग्य है कि ईश्वर स्वरूप आज उनके निवास स्थान पर आए है।वहीं परिवार ने भजन का उच्चारण करते हुए कहा सजा दो घर को गुलशन सा में प्रभु श्री राम आए है। इस मौके पर प्रेम सचदेवा, सुरेन्द्र सचदेवा, रवि सचदेवा, अभय सचदेवा, राधा रानी, आचंल सचदेवा, इनाया सचदेवा सहित अन्य राम भक्त मौजूद रहे।



# जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में खटीमा की टीम चैंपियन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जनपद उधम सिंह नगर की कुल 8 टीमों ने प्रतिभाग किया । प्रतियोगिता का उद्घाटन उत्तराखंड ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष शेखर त्रिपाठी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया प्रतियोगिता का समापन जिला क्रिकेट संघ उधम सिंह नगर के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता अजय तिवारी ने किया इस प्रतियोगिता में रैंकिंग के अनुसार खटीमा टीम 31 स्वर्ण, तीन रजत और तीन कांस्य पदक के साथ प्रथम स्थान पर रही । द्वितीय स्थान पर रही दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) की टीम 10 स्वर्ण, 12 रजत एवं आठ कांस्य पदक जीते । रुद्रपुर स्टेडियम की टीम छह स्वर्ण, सात रजत और दो कांस्य पदक के साथ तृतीय स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता का संचालन उत्तराखंड पुलिस ताइक्वांडो कोच मनीष सनवाल एवं साई कोच दुर्गेश परिहार के निर्देशन में कुशल निर्णायक मंडल द्वारा किया गया। कृष्णा हॉस्पिटल एंड क्रिटिकल सेंटर रुद्रपुर ने मेडिकल फैसेलिटीज के साथ अपने हॉस्पिटल के स्टाफ को किसी भी आपातकालीन स्थिति में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी निभाई। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगे । उधम सिंह नगर ताइक्वांडो संघ के प्रभारी एवं उत्तराखंड ताइक्वांडो संघ के कोषाध्यक्ष कौशल किशोर सिंह ने सभी विजेता खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की एवं इस आयोजन के संचालन में लगे सभी सदस्यों, सहयोगियों एवं निर्णायक मंडल का आभार व्यक्त किया । इस अवसर पर उत्तराखण्ड हैंडबाल संघ के कोषाध्यक्ष हीरालाल सागर, नरेश शर्मा, स्टेडियम कोच मो. आमिर, राकेश परिहार, शिवम यादव, उपेंद्र मंडल, समीर मंडल, शोभा बिष्ट, मानसी, सलीम, प्रमोद, तुषार, धीरज यादव आदि उपस्थित रहे।









# श्री यंत्र स्थापना से पूर्व निकली भव्य कलश यात्रा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री त्रिपुर सुंदरी शक्तिपीठश्री बालाजी मंदिर के द्वारा 10 महाविद्या श्री यंत्र की स्थापना दिवस से पूर्व गुरुवार को रानीबाग गार्गी नदी से जल लेकर कलश यात्रा दुर्गा मंदिर मुखानी से प्रारंभ होकर श्री बालाजी मंदिर रूपनगर पर संपन्न हुई। उसके पश्चात श्री प्रफुल्ल भाई दवे सिरोही जी राजस्थान, दत्तात्रेय नारायण रटाटे जी काशी, भवदीप भाई ओझा जी मुंबई, भुवन चंद्र पनेरू हरिद्वार,



रमेश भाई गौर जी मैसूर , के द्वारा पूजन प्रारंभ कराया गया जिसमें मुख्य यजमान श्री पूरनचंद पाठक , हेमा पाठक द्वारा पूजन किया गया। पूजन में मुकेश बोरा, गौरव मेहरा ,सुभाष कांडपाल, उमेश चंद किरोला, राजेंद्र सिंह नेगी शामिल रहे। कार्यक्रम में अतुल कुमार गुप्ता, वारांश शर्मा, हितेश त्रिपाठी, बीना पंत, भावना शाह,पप्पू कश्यप बृजवासी सहित सैकड़ो महिलाएं कलश यात्रा में सम्मिलित हुई।

